हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

11 किसी भी स्थिति में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक...



12 जुआ पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 8 जुआरी गिरफ्तार






## खबर संक्षेप

### यदुवंशी ठेठवार समाज का वार्षिक सम्मेलन 14 व 15 को

**धमतरी।** जिला यदुवंशी ठेठवार समाज का वार्षिक सम्मेलन 14 व 15 मार्च को आयोजित होगा। दादू यदुवंशी सचिव जिला यदुवंशी समाज व मुरारी यदु ने बताया कि सम्मेलन में वर्ष भर के आय-व्यय की जानकारी दी जायेगी। सामाजिक प्रकरणों का निराकरण एवं सम्मान समारोह आयोजित होगा। चुनाव पर भी चर्चा की जायेगी।

### मेंडरका में कर्मा जयंती 15 को

**सिर्री।** ग्रामीण साहू समाज मेंडरका द्वारा 15 मार्च को साहू भवन में संत माता कर्मा का जयंती कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता कृष्णकांत साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरूद करेंगे। विशिष्ट अतिथि हरिनारायण साहू, नेमिन सिन्हा सरपंच मेंडरका, टेकराम साहू, रूपेश्वरी साहू, जागेश्वर साहू, भूषण साहू, ठाकुरराम साहू, देवचरण साहू, बुधुराम साहू, सनत साहू, रूपराम साहू होंगे। समाज के अध्यक्ष कुंजुराम साहू ने जनमानस से उपस्थित की अपील की है।

# ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटी, 5 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गंगरेल से लौट रही सवारियों से भरी ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में ई-रिक्शा में सवार दो बच्चे सहित पांच लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह आमापारा से पांच लोग ई-रिक्शा में सवार होकर गंगरेल घूमने गए थे जहां शाम को सवारी ई-रिक्शा में सवार होकर वापस धमतरी लौट रहे थे। इसी दौरान गंगरेल मार्ग से गुजर रही ई-रिक्शा ग्राम मरादेव के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस घटना में ई-रिक्शा में सवार महेश्वरी पटवा पति निलेश उम्र 40 वर्ष, शुभम पटेल पिता ओमेंद्र 17 वर्ष, रेश्मी पटेल 35 वर्ष सहित पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर संजीवनी 108 तत्काल घटनास्थल पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। कुछ को गंभीर चोट लगी है।

## हाईस्पीड बाइक चालक ने सड़क पार कर रही महिला को ठोकर मारी, दोनों घायल

धमतरी। कचरा कलेक्शन रिक्शा को किनारे में खड़ी कर सड़क क्रॉस कर रही महिला को तेज रफ्तार बाइक चालक ने ठोकर मार दी। घटना में महिला व बाइक चालक दोनों घायल हो गए । मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय रामसागरपारा निवासी राम्हीन बाई कुर्रे पति दुकलहा उम्र 60 वर्ष घर-घर से कचरा कलेक्शन करने का कार्य करती है। शुक्रवार को सुबह वृद्धा रिक्शा लेकर दानीटोला नहर नाका क्षेत्र में कचरा





कलेक्शन करने निकली थी। वृद्धा नहर नाका सिहावा रोड में स्थित ढाबा के पास रिक्शा को किनारे में खड़ी कर कचरा कलेक्शन करने सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान सिहावा रोड से गुजर रहे हाईस्पीड बाइक के चालक जितेन्द्र कुमार सिन्हा पिता सूरज उम्र 18 वर्ष ग्राम बोरिदखुर्द थाना पुरूर निवासी ने अपनी बाइक की स्पीड को कंट्रोल नहीं कर सका। तेज रफ्तार बाइक ने सड़क पार कर रही वृद्धा को जोरदार टक्कर मार दी। इस ठोकर से वृद्धा सड़क पर दूर जा गिरी वहीं युवक बाइक सहित गिर गया। घटना में दोनों घायल हो गए। इसी दौरान वहां से गुजर रहे पुलिस जवान जितेन्द्र नेताम ने घायलों की तत्काल मदद करते हुए वरदान संस्था के शिवा प्रधान को घटना की सूचना दी। जानकारी मिलते ही संस्था की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल वृद्धा को छुट्टी दे दी गई। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक को वार्ड में भर्ती किया गया है।

## बच्चा चोरी करने के शक में विक्षिप्त महिला को किया पुलिस के हवाले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

■ ग्राम मुजगहन की घटना

गली में खेल रहे बच्चों को अज्ञात महिला अपनी में गोद में ले रही थी। यह देख लोगों ने बच्चा चोरी करने का शक करते हुए उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन के साइफनपारा स्थित आंगनबाड़ी की गली के पास गुरुवार की शाम बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात महिला घूमते हुए गली में पहुंची और वहीं पर कुछ देर रुककर बच्चों को देख रही थी। उसके बाद महिला खेल रहे बच्चों के पास पहुंची और एक 2-3 वर्ष के बच्चे को उठाकर अपनी गोद में रख लिया। महिला की इस हरकत पर कुछ लोगों की नजर पड़ी। इसके बाद वहां हड़कंप मच गया। लोगों ने महिला को बच्चा चोर समझ पकड़ लिया। इस दौरान उसके साथ मारपीट भी की गई। लोगों ने घटना की पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और महिला को अपने कब्जे में लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के बाद महिला को सखी सेंटर में रखा गया है। पता चला कि वह महिला विक्षिप्त है।

### सेंदरी भेजा जाएगा : सीएसपी

सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि वह महिला विक्षिप्त है जो अक्सर शहर में घूमती रहती थी। गुरुवार को वह मुजगहन पहुंच गई। वहां खेल रहे बच्चे को अपनी गोद में ले लिया। महिला को इलाज के बाद सखी सेंटर में रखा गया है। उसे बिलासपुर के सेंदरी मेंटल हास्पिटल भेजा जाएगा।



## खबर संक्षेप

### डाक अदालत 18 को

रायपुर। कार्यालय मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर द्वारा डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए 18 मार्च को शाम 4 बजे 'डाक अदालत' का आयोजन किया जा रहा है। यह अदालत रायपुर जीपीओ बिल्डिंग, जय स्तंभ चौक में आयोजित होगी, जिसमें डाक वितरण, बचत बैंक, मनीआर्डर और बीमा जैसी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा, जिसके लिए 16 मार्च की दोपहर 2 बजे तक शिकायतें दी जा सकती है। इसके बाद प्राप्त शिकायतों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।

### बिजली बिल और सरचार्ज में छूट का स्वागत, सीएम का जताया आभार

रायपुर। नहरपारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने बिजली बिल और अधिभार में छूट घोषित योजना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया गया है। इस मौके पर समिति के समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कहा है कि सरचार्ज में सौ प्रतिशत छूट व मूल बिल में 75 प्रतिशत की छूट एकल बत्ती कनेक्शनधारियों व किसानों के लिए बेहद लाभकारी है। योजना में मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा कराकर पंजीयन कराया जा सकता है। शेष राशि किस्तों में जमा करनी है, योजना 30 जून तक लागू है। उन्होंने कहा कि सीएम साय किसानों व एकलबत्ती कनेक्शन धारियों के हितैषी हैं। श्री आहूजा ने कहा कि मुख्यमंत्री साय बेहद संवेदनशील हैं, उन्हें समाज के हर वर्ग का ख्याल है, वे जनसमस्याओं का सतत निराकरण कर विकास कार्यों के माध्यम से आम लोगों की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। आभार जताने वालों में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला, उपाध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा तथा महामंत्री किशोर आहूजा आदि शामिल थे।

### होटल के स्टोर रूम में आग से हड़कंप

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित होटल रॉयल कैसल में आग लगने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आग लगने की घटना गुरुवार चार बजे की है। स्टोर रूम से आग की लपटें उठती देख होटल प्रबंधन को होटल में आग लगने की जानकारी मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड को होटल में आग लगने की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग ने विकराल रूप ले लिया और काला धुआं पूरी बिल्डिंग में फैलने लगा। आग जब तक पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में लेती, मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं और आग को काबू किया। मौके पर किसी तरह की अनहोनी को रोकने विधानसभा पुलिस के साथ ही डीएसपी विरेंद्र चतुर्वेदी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारी के अनुसार आग होटल के ग्राउंड फ्लोर पर बने स्टोर रूम में लगी थी। स्टोर में रखे ज्वलनशील और सूखे सामान के कारण आग तेजी से फैली और पहली मंजिल को भी अपनी चपेट में ले लिया।

### शाही रोजा इफ्तार आज जुटेंगे 10 हजार रोजेदार

रायपुर। मुस्लिम समाज का रमजान माह चल रहा है। इसी कड़ी में नेताजी सुभाष स्टेडियम में 13 मार्च को शाही रोजा इफ्तार रखा गया है, जिसमें करीब दस हजार रोजेदार शामिल होंगे और सर्व समाज के प्रमुख भी शामिल होकर कौमी एकता का संदेश देंगे। इस शाही इफ्तार के आयोजन को 20 साल हो गए हैं, जो कौमी एकता, सर्वधर्म, समभाव का प्रतीक है। यह जानकारी शाही रोजा इफ्तार के आयोजक राहिल रऊफी, नईम अशरफी, रफीक गोठिया, शेख अमीन ने बताया कि महिलाओं के लिए भी इंतजाम किया गया है।
इस आयोजन के लिए 10 टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा हुसैनी सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नेहाल खान, महामंत्री शेख हफीजुद्दीन, जिला अध्यक्ष आमिर खान, गुलामने मौला अली के नूर मेमन ने दस हजार रोजेदारों के लिए इफ्तारी और भोजन की व्यवस्था की है। भीड़ से बचने रोजेदार को घर से वजू बनाकर आने कहा गया है।

## जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव मोहेरा पहुंचे कलेक्टर, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# निराई माता मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम मोहेरा का दौरा किया। उन्होंने निराई माता मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। दर्शन के पश्चात उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठकर गांव की समस्याओं और वहां हो रहे विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि निराई माता मंदिर की विशेष मान्यता है और यह साल में केवल एक बार ही खुलता है,



जिसके कारण मेले के दौरान यहां हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। ग्रामीणों ने मंदिर तक पहुंचने के दुर्गम मार्ग और परिसर में मूलभूत सुविधाओं की कमी की ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए



व्यवस्थित मार्ग व सीमेंटीकरण की मांग रखी।

जनभावनाओं और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए सभी जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने और आवश्यक कार्य कराने, टाइल्स लगाने तथा प्रकाश व्यवस्था के लिए हाई मास्ट लाइट स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही पानी व्यवस्था, पार्किंग आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

निराई माता सेवा समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंग ध्रुव ने निराई माता और वहां होने वाली जात्रा आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी ओंकार ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव, पुलेश्वर ध्रुव, सचिव हेमंत ध्रुव, कोषाध्यक्ष अश्वनी ध्रुव, मोहेरा सरपंच भालेश्वरी कश्यप, जनपद सदस्य राजकुमारी कश्यप, रोहित ध्रुव, अमृतलाल उपस्थित थे। कलेक्टर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि प्रशासन अंतिम छोर के गांवों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## लीलर में मेगा हेल्थ कैंप एवं महिला जागृति शिविर का हुआ आयोजन

# महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार : मोनिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ग्राम लीलर में एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से मेगा हेल्थ कैंप एवं महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन बतौर अतिथि शामिल हुईं।

मोनिका देवांगन ने कहा कि महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य समाज के विकास का महत्वपूर्ण आधार है। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने



के साथ-साथ महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आगे कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

शिविर में महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाइयां प्रदान की गईं। महिला एवं बाल विकास से परियोजना अधिकारी प्राची शर्मा ने पोषण, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित जानकारी दी। डॉ दुर्गा प्रसाद एवं पीडियाट्रिक संगीता सूर्यवंशी ने महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं सलाह दी। इस अवसर पर गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं नौनिहालों का अन्नप्राशन कार्यक्रम रखा गया।

मौके पर पूर्व जनपद अध्यक्ष ऋषभ देवांगन, सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र नेताम, उपसरपंच दीपक सिन्हा, भाजपा युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी धर्मराज सिन्हा, सुपरवाइजर टिंकी साहू समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीणजन मौजूद थे।

# सार्थक स्कूल के बच्चों को दी फ्रूट एवं जूस पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में परीक्षाओं के प्रारंभ होने से पूर्व रायपुर निवासी अजीत कोटक ने विशेष बच्चों के लिए फ्रूट एवं जूस पार्टी का आयोजन किया। उन्होंने बच्चों को विभिन्न प्रकार के ताजे फल और जूस प्रदान किए जिससे उनके चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट झलक रहा था।

ज्ञात हो कि रायपुर निवासी अजीत कोटक सार्थक की सचिव स्नेहा राठौड़ के जीजाजी हैं। श्रीमती राठौड़ ने बताया कि उनके जीजाजी को सार्थक के बच्चों से विशेष लगाव है। वे समय-समय पर धमतरी आकर बच्चों से मिलते हैं और उनके लिए स्वल्पाहार, फल, जूस अथवा गर्मी के दिनों में ठंडा शर्बत की व्यवस्था



करते हैं। सार्थक अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि विशेष बच्चों को भी परीक्षा का तनाव होता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ सकता है। इसे कम करने के लिए बच्चों को पढ़ाई का नियमित रिवीजन कराया जाता है। फ्रूट पार्टी जैसे आयोजन से बच्चों को ताजगी और ऊर्जा मिलती है। मौके पर सार्थक की प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, काजल रजक, कौशिल्या यादव तथा सुनैना गोड़े उपस्थित थीं।

# निषाद भवन में टिन शेड निर्माण के लिए 12.94 लाख स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम पंचायत नवागांव के आश्रित ग्राम कानामुका के निषाद भवन में टिन शेड निर्माण के लिए मंडी बोर्ड कुरूद से 12 .94 लाख की स्वीकृत मिली है। गत दिनों भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर नंदकुमार नेताम सरपंच, गंगाप्रसाद निषाद उपसरपंच, पतिराम, सुकालू राम, टोपसिंह, कौशल्या, रत्ना पारकर, दशरूराम अध्यक्ष निषाद समाज, महेश निषाद उपाध्यक्ष, दिलीप ग्राम पटेल, मनहरण, अशोक धनकर, दयाराम, यशवंत, घनश्याम, तिहारु, परदेशी, यशवंत धनकर, पंजीलाल, चरण, कामता, धनाजी राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# ब्राम्हण समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ब्राम्हण समाज धमतरी द्वारा महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष के मार्गदर्शन में महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती पूजा मिश्रा के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में समाज की विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं और प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती मेघा तिवारी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जो पिछले 9 वर्षों से दिव्यांग बच्चों के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। वे धमतरी में अर्पिता स्पेशल एजुकेशन एवं स्पीच क्लास का संचालन करती हैं और वर्तमान में केंद्रीय विद्यालय धमतरी में स्पेशल



एजुकेटर के पद पर कार्यरत हैं।

इसी तरह श्रीमती रेणुका पांडे को भी सम्मानित किया गया, जो पिछले 20 वर्षों से बेसहारा गायों की सेवा कर रही हैं और अपने घर को ही गौशाला बना दिया है। इसके अलावा समाज की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने वाली श्रीमती अनामिका शर्मा को भी सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में संस्कृति शर्मा पिता ज्ञानेंद्र शर्मा को कराते में दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज नेशनल मेडल जीतने पर सम्मानित किया गया। वहीं श्रीयान पांडे पिता नितिन पांडे को ताइक्वाडो में भूटान, नेपाल, दिल्ली, बेंगलुरु और अरुणाचल प्रदेश में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीतने पर सम्मानित किया गया।

# बकली में पांचवी के छात्रों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

भारत माता विद्यालय बकली में कक्षा पांचवी के छात्रों को कक्षा चौथी के छात्रों के द्वारा विदाई दी गई। छात्रों द्वारा गीत कविता, भाषण, नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा पांचवी के छात्रों ने भी शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय को प्रतीक चिन्ह के रूप में एक टेबल प्रदान की गई। विद्यालय के सभी बच्चे एवं शिक्षकों द्वारा प्रतीक चिन्ह के रूप में कक्षा पांचवी के छात्रों को तख्ती प्रदान की गई। विद्यालय के प्राचार्य कुलेश पटेल, लता पटेल, खिलेश्वरी, रेशमा, हेमलता और त्रिभुवन कौशिक ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ

- शासकीय आईटीआई कुरूद का एनएसएस शिविर जीजामगांव में आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

शासकीय आईटीआई कुरूद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन ग्राम जीजामगांव में विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातःकाल स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर ग्रामवासियों को स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने गांव के



सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की और ग्रामीणों को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

स्वयंसेवकों ने शासकीय प्राथमिक शाला जीजामगांव पहुंचकर छोटे बच्चों को शिक्षादान किया। इस दौरान बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और समाज के प्रति सकारात्मक सोच रखने के लिए प्रेरित किया गया। स्वयंसेवकों ने बच्चों को पढ़ाई के महत्व और अच्छे संस्कारों के बारे में भी जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान सोलर ऊर्जा और पीएम सूर्यघर योजना विषय पर बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। डेमन लाल साहू ने सोलर पैनल के इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया, इसकी तकनीकी विशेषताओं और शासन द्वारा दी जा रही विभिन्न सब्सिडी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा का उपयोग पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ बिजली खर्च को कम करने में भी सहायक है।

इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक श्री रघुवंशी ने शिविर का भ्रमण कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चमनलाल पाल के मार्गदर्शन में किया गया।

# पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 11 मार्च को हुई। मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के बाद एक दूसरे को तिलक लगाकर होली मिलन समारोह मनाया। जिला स्तरीय बैठक धमतरी एवं पेंशनर्स सम्मेलन कसडोल की संक्षिप्त जानकारी अध्यक्ष भगवानी राम शांडिल्य द्वारा दी गई। नये सदस्य नारायणलाल साहू बोरझरा एवं दयालुराम साहू जोरातराई (सिलौटी) का श्रीफल, गमछा भेंटकर स्वागत किया गया तथा संगठन की मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। आभार व्यक्त अध्यक्ष



भगवानी राम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहनलाल साहू ने किया।

## सुखराम नागे कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर हुई संगोष्ठी

# भारतीय संस्कृति में प्रकृति को माता का सम्मान दिया गया है : डॉ. सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं डॉ. अश्वनी कुमार ध्रुव विभागाध्यक्ष हिन्दी के संयोजन में पीएम-उषा एवं उच्च शिक्षा द्वारा प्रयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा का समकालीन विमर्शः बहुआयामी दृष्टिकोण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हुई।

द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. चन्द्रशेखर सिंह विभागाध्यक्ष हिंदी शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा (रायगढ़) ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति को माता का सम्मान दिया गया है। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण की भावना को समाज में पुनः जागृत करना आवश्यक है।

अध्यक्षता कर रहे प्रो. विनय कुमार पाठक कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज बिहार ने कहा कि भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण तथा संवहन का सशक्त साधन है। सत्र में अध्यक्ष डॉ.विनोद पाठक प्राचार्य बीसीएस महाविद्यालय धमतरी, सहअध्यक्ष के रूप में डा. वेदवती सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र रहीं। सत्र का प्रतिवेदन प्रो. खेदू भारती तथा डा. सपना ताम्रकार द्वारा प्रस्तुत किया गया।



द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता डा. सरला द्विवेदी प्राध्यापक मनोविज्ञान, बीसीएस महाविद्यालय धमतरी ने भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए उसके सांस्कृतिक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक पक्षों का विश्लेषण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी मार्गदर्शक है। डॉ.हेमवती ठाकुर शासकीय बीसीएस महाविद्यालय ने वेद, उपनिषद, ज्योतिषशास्त्र, योगशास्त्र के बारे में बताया। डा. तामेश्वरी साहू सहायक प्राध्यापक ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में लोक कल्याणकारी अर्थव्यवस्था से भारतीय ज्ञान संस्कृति को प्राप्त किया जा सकता है। सत्र का प्रतिवेदन डा. पल्लवी बरडिया तथा प्रो. हितेशनंद ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

संगोष्ठी के दौरान प्राध्यापकों, शोधार्थियों तथा विद्यार्थियों द्वारा अनेक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। प्रो. आर.आर. मेहरा, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज ने अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। प्रस्तुत शोधपत्र पर विद्वानों द्वारा रचनात्मक टिप्पणियां एवं सुझाव भी दिए गए। विद्यार्थी हिमेश्वरी, जतिन, भूमिका, पीयूष ने भारतीय ज्ञान परंपरा में जनजातीय योगदान के महत्व पर अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्रो. जयराम कुर्रे एवं डा. अम्बा शुक्ला ने किया। अविरल तिवारी, सौरभ पाण्डे एवं प्रमोद चौरे का तकनीकी योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### मालिक का विश्वास जीता फिर बाइक पार कर हो गया फरार

**जगदलपुर।** नानगुर थाना क्षेत्र के माझीगुड़ा निवासी किसान ने हार्वेस्टर चलाने के लिए ओडिशा से चालक बुलाया था। कुछ दिन काम कर मालिक का विश्वास जीतने के बाद आरोपी ने मालिक की बाइक को चोरी कर फरार हो गया। रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नानगुर पुलिस ने आरोपी को ओडिशा के सबंलपुर से गिरफ्तार कर नानगुर लेकर आई फिर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी लक्ष्मण पोटाई के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गणेश यादव के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मांझीगुड़ा निवासी बाबुराम बघेल ने बताया कि उसने नवम्बर 2025 में हार्वेस्टर चलाने के लिए ओडिशा निवासी जय शंकर उर्फ विक्की गुरु को बुलाया था। कुछ दिन हार्वेस्टर चलाने के बाद संबलपुर ओडिशा निवासी बिक्की गुरु अपने मालिक के घर में रखे पल्सर बाईक क्रमांक सीजी 17 केएक्स 7429 को बिना बताए चोरी कर फरार हो गया था। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए),331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही थी।

### शराब के नशे में कुएं में गिरने से युवक की मौत

**जगदलपुर।** भानपुरी थाना क्षेत्र के फरसागुड़ा में बीती रात एक युवक शराब के नशे में कुएं में गिर गया। इसकी जानकारी लगते ही तत्काल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई। देर रात जब तक युवक को कुएं से निकाला जाता उसकी मौत हो चुकी थी।
जानकारी के मुताबिक बीती रात एक युवक नशे की हालत में कुएं में गिर गया। कुएं में किसी के गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीणों संदेह हुआ तो वे कुएं के पास पहुंचे और किसी के गिरने की आशंका में तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भानपुरी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद देर रात उसका शव बाहर निकाला। भानपुरी थाना प्रभारी हर्ष धुरंधर ने बताया कि फरसागुड़ा के बड़े पारा निवासी त्रिनाथ शराब के नशे में घर से निकला था। देर रात अंधेरे के कारण वह सरकारी कुएं के पास पहुंचा और उसमें गिर गया। अंधेरा अधिक होने के कारण शव निकालने के लिए एसडीआरएफ टीम द्वारा रात को ही सीढ़ी और अन्य उपकरण के साथ घटनास्थल फरसागुड़ा पहुंचे और शव निकालकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### कलेक्टर ने खाद्य विभाग एवं गैस एजेंसी संचालकों की ली बैठक

# किसी भी स्थिति में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग न हो : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने खाद्य विभाग के अधिकारियों एवं गैस एजेंसी के संचालकों की बैठक लेकर जिले में घरेलू गैस की उपलब्धता एवं निर्बाध आपूर्ति के संबंध में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए निर्धारित की गई बुकिंग की समय-सीमा, गैस कनेक्शन की आवश्यक सुरक्षा जांच एवं घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग रोकने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि घरेलू गैस के उपभोक्ताओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सभी एजेंसियां शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। बैठक में उपस्थित विभिन्न गैस एजेंसियों के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में घरेलू गैस सिलेण्डरों की रिफिलिंग प्रभावित न होने पाए। इसकी कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों को टीम गठित कर गैस गोडाउन का निरीक्षण करने और आपूर्ति पर सतत निगाह रखने के निर्देश दिए।

बैठक में खाद्य अधिकारी बी.के.कोर्राम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पिछली रिफिलिंग के 45 दिन बाद अगली रिफिलिंग के लिए मोबाइल से ओटीपी के जरिए बुकिंग की जा रही है। इसी तरह शहरी उपभोक्ताओं के लिए दोनों रिफिलिंग के बीच में 25 दिनों के अंतराल में गैस मुहैया कराई जा रही है। साथ ही उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराने के लिए उन्हें गैस कार्ड, आधार कार्ड तथा मोबाईल के साथ गैस एजेंसी में उपस्थित होने कहा गया है। यह भी बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पिछले दो दिनों से घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग रोकने व्यावसायिक होटलों व अन्य संस्थानों में जांच की जा रही है। निर्देशों की अवहेलना करने के संबंध में अब तक 4 प्रकरण बनाकर उनसे 8 घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त कर कार्रवाई की गई। इस अवसर पर खाद्य विभाग सहित विभिन्न गैस कम्पनियां के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक व स्थानीय एजेंसी के संचालकगण उपस्थित थे।

### शहर के दो होटल से तीन घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त






खाद्य विभाग की टीम ने शहर के गोलबाजार एवं बठेना, बस स्टैण्ड स्थित दो होटलो में तीन घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त कर संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की है। ज्ञात हो कि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा होटलों एवं प्रतिष्ठानों में दबिश देकर घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करने वाले संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान बैगा होटल गोल बाजार में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग किया जाना पाया गया। होटल संचालक से दो घरेलू गैस सिलेण्डर, एक रेगुलेटर पाइप सहित बर्नर की जब्ती की गई। इसी तरह बठेना बस स्टैण्ड स्थित दीपू होटल व कैलाश होटल में जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेण्डर का अवैध उपयोग करते पाए जाने पर उक्त प्रतिष्ठान के संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक घरेलू गैस सिलेण्डर, एक सिंगल बर्नर चूल्हा और पाइप सहित रेगुलेटर जब्त किया गया। उक्त प्रतिष्ठानों पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियम) आदेश 2000 की कंडिका 03 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 सहपठित धारा 7 के उल्लंघन के तहत नियमानुसार कार्रवाई की गई। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अवैध रूप से घरेलू गैस सिलेण्डरों का उपयोग करने वाले संचालकों के विरूद्ध आगे भी सतत कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान परशुराम की शहर में प्रतिमा लगाने की मांग



- महापौर से मिला सर्व ब्राम्हण समाज का प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सर्व ब्राम्हण समाज धमतरी महिला मंच की अध्यक्ष बरखा शर्मा के नेतृत्व में समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने महापौर रामू रोहरा से भेंटकर समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने समाज के आराध्य भगवान परशुराम की प्रतिमा शहर में स्थापित करने तथा उनके नाम पर एक भव्य स्वागत द्वार बनाए जाने की मांग महापौर के समक्ष रखी।

महापौर ने दोनों प्रस्तावों को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम भारतीय संस्कृति और धर्म के महान प्रतीक हैं। उनके आदर्श समाज को सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।

शहर में उनकी प्रतिमा और स्वागत द्वार बनने से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा बल्कि नई पीढ़ी को भी हमारी संस्कृति और परंपराओं से प्रेरणा मिलेगी। अध्यक्ष बरखा शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ब्राम्हण समाज के आराध्य देव हैं और उनके आदर्शों से समाज को सदैव प्रेरणा मिलती रही है।

शहर में उनकी प्रतिमा और स्वागत द्वार बनने से समाज की आस्था को सम्मान मिलेगा और आने वाली पीढ़ी को भी हमारी धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलेगा। मौके पर अंकिता मिश्रा, प्रभा मिश्रा, शोभा दुबे, प्रतिमा पांडे, अनामिका शर्मा, सीमा चौबे, महेंद्र पंडित, देवेंद्र मिश्रा, विक्रांत शर्मा, पीयूष पांडे, सुनील शर्मा, नारायण दुबे, हरीश चौबे सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत के लिए लिंक एवं खंडपीठ का गठन

- 14 मार्च को लगेगी नेशनल लोक अदालत, कई प्रकरणों का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार राज्य के सभी न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, ट्रिब्यूनल्स, कामर्शियल कोर्ट, वक्फ बोर्ड में 14 मार्च को वर्ष की प्रथम हाईब्रिड (वर्चुअली एवं फिजीकली) नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत से न्यायालय में लंबित सिविल वाद राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत आने वाले मामले, दावा दुर्घटना, श्रम न्यायालय में लंबित मामले, चेक बाउंस मामले, धन वसूली वाद के अतिरिक्त बीमा संस्था, बैंक, विद्युत सेवा, दूरसंचार सेवा से संबंधित मामलों का निराकरण किया जायेगा।

रामकुमार तिवारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर जिला धमतरी में हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद एवं नगरी के लिए खंडपीठ बनाया गया है।

खंडपीठ क्रमांक 01 में राम कुमार तिवारी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धमतरी, खंडपीठ क्रमांक 02 में विनोद कुमार देवांगन न्यायाधीश परिवार न्यायालय धमतरी, खंडपीठ क्रमांक 03 में मोहन सिंह कोर्राम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश धमतरी, श्रम न्यायाधीश धमतरी, खंडपीठ क्रमांक 04 में राधेश्याम ध्रुव जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुरूद,खंडपीठ क्रमांक 06 में मीनू नंद तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी धमतरी, खंडपीठ क्रमांक 07 रजत कुमार निराला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, खंडपीठ क्रमांक 08 में निलेश कुमार बघेल व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कुरूद, खंडपीठ क्रमांक 09 में सुश्री दीपा सुचिता तिर्की प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी के न्यायालय में अति. न्यायाधीश नगरी का गठन किया गया है। प्रत्येक खंडपीठ के लिए दो सदस्य नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर द्वारा नेशनल लोक अदालत में राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला धमतरी के अंतर्गत 25 खंडपीठ बनाया गया है। हाईब्रिड नेशनल लोक अदालत वर्चुअली एवं फिजीकली दोनों ही माध्यम से आयोजित की जा रही है। यदि कोई पक्षकार अपने प्रकरण में स्वयं व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित नंही हो पा रहा है तो वह जिला न्यायालय की वेबसाइट // धमतरी डाट डीकोर्ट डाट जीओवी डाट इन में जाकर उसका जिस खंडपीठ में प्रकरण है उस खंडपीठ में क्लीक कर उस खंडपीठ से ऑनलाइन जुड़ सकता है और वहां के पीठासीन अधिकारी उनसे बातचीत करने के पश्चात संतुष्ट होने पर उक्त प्रकरण को राजीनामा के आधार पर निराकरण कर सकते हैं। इस तरह न्यायालय में उपस्थित हुए बिना भी प्रकरण का घर बैठे निराकरण करवाया जा सकता है।

# 250 मरीजों ने उठाया शिविर का लाभ

- सिवनीकला में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में श्री वेंकटेश सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं धर्मप्रेमी परिवार द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। शिविर में सरपंच लता ध्रुव, टेकराम साहू जनपद सदस्य सिवनीकला, डा. लोकेश साहू अध्यक्ष भाजपा सिर्री मंडल, थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, मालकराम साहू वरिष्ठ भाजपा नेता, टकेश्वर चंद्राकर सिवनीकला, केवल चंद्राकर, उपसरपंच दीपदान साहू, वेदप्रकाश साहू सचिव, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, कपिल पटेल शामिल हुए।

मुख्य अतिथि गौकरण साहू ने कहा कि शिविर में मरीजों का निःशुल्क इलाज होता है। दवाइयां भी मिलती हैं । भाजपा सिर्री मंडल अध्यक्ष डा. लोकेश साहू ने कहा कि यहां के ग्रामीणों द्वारा ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर पहले भी आयोजित किए जाते रहे हैं। उनका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति को निरोग बनाए रखना है। भाजपा सिर्री मंडल महामंत्री थानेश्वर तारक ने कहा कि शिविर में सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञों ने सेवाएं दी। यह गौरवान्वित पल है।




शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से लगभग 250 मरीजों ने शिविर का लाभ लिया। डा. संदीप चंद्राकर पेट रोग, डा. संजीव कुमार गुप्ता मस्तिष्क रोग एवं सर्जरी, डा. निमेष नेभानी हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा. चंद्रकांत उसेंडी हृदय रोग, डा. शिवम पटेल किडनी रोग, डा. वर्षा विश्वनाथ सांस और फेफड़ा रोग, शीतल इंगले मेडिसिन, डा. नलनेश शर्मा फिजियोथैरेपी ने मरीजों का उपचार किया। बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच कर विशेष रूप से इसीजी मशीन और ऑडियोमेट्री की (सुनने की क्षमता जांचने वाला टेस्ट) निःशुल्क सुविधा दी गई। लंदन से प्रशिक्षित डॉक्टरों ने भी शिविर में सेवाएं दी।

# कृष्ण जन्मोत्सव की रही धूम, झूमे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



### सिवनीकला में श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रही भीड़





ग्राम सिवनीकला में संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण जारी है। कथावाचिका रुचिता तिवारी ने 12 मार्च को वामन अवतार, राम अवतार और कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। उन्होंने कथा में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में आधी रात के समय हुआ। उनके जन्म के समय कारागार में दिव्य प्रकाश फैल गया और एक चमत्कार हुआ।

जेल के पहरेदार गहरी नींद में सो गए और बेड़ियां अपने आप खुल गईं। वासुदेव जी ने नन्हे कृष्ण को एक टोकरी में रखा और उन्हें कंस से बचाने के लिए गोकुल ले जाने का निर्णय लिया। उस रात मूसलाधार वर्षा हो रही थी, लेकिन जैसे ही वासुदेव यमुना नदी में उतरे, जल का स्तर कम हो गया और शेषनाग ने फन फैलाकर प्रभु की रक्षा की। गोकुल पहुंचकर उन्होंने कृष्ण को नंद बाबा और माता यशोदा के पास छोड़ दिया और उनकी नवजात कन्या को लेकर वापस मथुरा आ गए।

जब कंस ने उस कन्या को मारने का प्रयास किया, तो वह कन्या हाथ से छूटकर आकाश में उड़ गई और साक्षात देवी का रूप लेकर बोली कि तुझे मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है। इसके बाद श्रीकृष्ण गोकुल में ही पले-बढ़े और अंततः कंस का वध कर पृथ्वी को उसके पापों से मुक्त कराया। कथास्थल पर कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। भक्तगण झूमते नाचते नजर आए। फूलों की भी वर्षा की गई। कृष्ण जन्मोत्सव की झांकी निकाली गई। भक्तों ने भगवान का दर्शन कर जयकारा लगाया और कृष्ण जन्म के भजन के साथ खूब झूमे। कथा सुनने लगातार प्रतिदिन भीड़ उमड़ रही है। 14 मार्च को कृष्ण रूक्मणि विवाह की कथा सुनाई जायेगी और झांकी निकालकर उत्सव मनाया जायेगा।

# मधुमक्खी पालन पर प्रशिक्षण 16 से



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसानों की आय बढ़ाने और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी द्वारा मधुमक्खी पालन विषय पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 16 से 21 मार्च तक कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के किसानों को मधुमक्खी पालन की आधुनिक तकनीकों, मधुमक्खियों के प्रबंधन, शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन से अतिरिक्त आय अर्जित करने के व्यावहारिक तरीके भी बताए जाएंगे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### कुंभकार समाज का वार्षिक अधिवेशन 15 मार्च को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कुंभकार समाज जिला धमतरी का वार्षिक अधिवेशन कुरूद ब्लाक के ग्राम परखंदा में 15 मार्च को आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुंभकार समाज के जिला अध्यक्ष किशुन चक्रधारी करेंगे।

### खर्रा में मानसगान और कला प्रतियोगिता आज से

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में शिवशंकर मानस परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से छग राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 मार्च तक किया गया है। शुभारंभ 13 मार्च की शाम को कलशयात्रा निकालकर किया गया। आयोजनकर्ता पंडित दानेश्वरप्रसाद शर्मा हैं। मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत होंगे। यह जानकारी नरेंद्र ध्रुवंशी अध्यक्ष दर्रा सोसाइटी ने दी।

### आईटीआई कुरूद में प्रशिक्षक के लिए आवेदन 27 तक

**धमतरी।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कुरूद में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनान्तर्गत संचालित लाइट व्हीकल ड्राइवर प्रशिक्षण के लिए एक प्रशिक्षक की जरूरत है। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक आवेदक 27 मार्च तक अपना बायोडाटा के साथ आवेदन आईटीआई कुरूद में जमा कर सकते हैं। आवेदक को मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण तथा भारी वाहन चालक का 11 वीं कक्षा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण एवं ड्राइवर कम मैकेनिक अथवा मैकेनिक मोटर व्हीकल कोर्स में आईटीआई उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, आटोमोबाइल इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि उत्तीर्ण के साथ लाइट मोटर यान का वैध लाइसेंस अनिवार्य है।

### रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और अपीलीय अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के तहत ऐसे ग्राम पंचायत, जहां उप निर्वाचन कराया जाना है, के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और अपीलीय अधिकारी नियुक्त किए हैं। उन्होंने जनपद पंचायत धमतरी के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह जनपद पंचायत कुरूद एवं मगरलोड के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद तथा जनपद पंचायत नगरी के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद, मगरलोड और नगरी के तहसीलदारों को संबंधित क्षेत्र के लिए सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मिश्रा ने अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन सिंह को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया है।

### नकदी, बाइक सहित 4.20 लाख का सामान जब्त

# जुआ पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 8 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत भखारा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सेमरा बी के श्मशान घाट के आगे चल रहे जुआ फड़ से 8 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी, वाहन और मोबाइल सहित करीब 4.20 लाख रुपये का सामान जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में लगातार जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में भखारा थाना की पेट्रोलिंग टीम शुक्रवार रात गश्त पर निकली थी। इसी दौरान मुखबिर से ग्राम सेमरा बी के श्मशान घाट के आगे स्टॉप डेम के पास कुछ लोगों द्वारा जुआ खेले जाने की सूचना मिली।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। पुलिस को देखकर कुछ लोग मौके से भाग निकले, जबकि मोबाइल के टॉर्च की रोशनी में जुआ खेल रहे लोकेश कुमार सिन्हा (40), मयंक सिन्हा (25), भूपेश्वर सिन्हा (29), हसन खान (38) चारों ग्राम सेमरा बी थाना भखारा निवासी, छबि सोनकर (34) ग्राम सिलघट, राजू साहू (31) ग्राम सुपेला, कमलेश सोनकर (38) ग्राम कौही थाना रानीतराई और राजेश साहू (36) ग्राम कौही निवासी को जुआ खेलते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 9 हजार रुपये नकद, 52 पत्ती ताश, 6 मोटरसाइकिल, 1 हीरो मेस्ट्रो स्कूटी, 1 टीवीएस एक्सएल और 8 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत करीब 4 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ भखारा थाना में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है।

## समाज के विकास में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी जरूरी : नेहरूराम



- बारनाराज परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन कातलबोड़ में हुआ
- प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कोसरिया मरार (पटेल) समाज के बारना राज (परिक्षेत्र) का एकदिवसीय वार्षिक अधिवेशन ग्राम कातलबोड़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभापति रामगुलाल पटेल, उपसभापति कुंवरसिंह पटेल एवं अन्य पदाधिकारियों ने किया।

अधिवेशन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरूराम निषाद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बारना राज के अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत धमतरी के उपाध्यक्ष गौकरण साहू, प्रदेश संरक्षक ब्रम्हदेव पटेल, अभनपुर राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल, अंतरराष्ट्रीय कलाकार-साहित्यकार कृष्णकुमार पाटिल, जिलाध्यक्ष धमतरी जितेंद्र पटेल थे। मुख्य अतिथि श्री निषाद ने कहा कि पटेल समाज मेहनतकश और संगठित समाज है, जिसके विकास में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। गौकरण साहू ने समाज को नशामुक्ति और सदाचार के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। ईश्वर पटेल ने शिक्षा, संस्कार और स्वरोजगार को समाज के विकास की आधारशिला बताते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र, प्रमाण-पत्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तहसील सचिव भोजराज पटेल तथा आभार प्रदर्शन राज सचिव श्यामाचरण पटेल ने किया।

## करवट लेगा मौसम गिरेगा तापमान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सामान्य से अधिक हो चुके तापमान से आगामी दिनों में राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा, तेज हवा, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य से 3 से 5 डिग्री अधिक रहा। अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं होगा। आगामी दिनों में तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस गिरावट आने की संभावना है। मौसम सूत्रों के अनुसार 14 और 15 मार्च को सरगुजा संभाग से लेकर बस्तर संभाग तक बादलों की आवाजाही दिखेगी। कहीं-कहीं पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार बन सकते हैं। प्रदेश में कहीं-कहीं पर 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा गरज- चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 तथा न्यूनतम तापमान 21 डिग्री पर रहा।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों, समाज और संगठनों को मिलकर कार्य करना होगा : डॉ. संजीव

### भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक धमतरी पहुंचे, शिक्षा की गुणवत्ता पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक प्रोफेसर (डॉ.) संजीव कर्मकार वशिष्ठ के धमतरी प्रवास के दौरान जिला भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक धनंजय मोरे तथा सह संयोजक गजेंद्र पटेल के साथ भेंट-वार्ता सम्पन्न हुई। इस दौरान जिले में शिक्षा की वर्तमान स्थिति, सामने आ रही चुनौतियों तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रवास के दौरान धमतरी में शिक्षाविदों के साथ एक परिचर्चा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सह संयोजक प्रोफेसर संजीव कर्मकार के आगमन पर जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला संयोजक शिक्षा प्रकोष्ठ धमतरी धनंजय मोरे, सह संयोजक गजेन्द्र पटेल सहित जिले के विभिन्न स्कूलों के संचालक, प्राचार्य, महाविद्यालयों के व्याख्याता तथा कोचिंग संस्थानों के संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विनय जैन, अविनाश दुबे, वेद प्रकाश साहू, लोकेश टंडन, सौरभ साहेब, श्रीमती श्रुति साहेब, सोमन लाल साहू, ओमेश यादव, कुशल चोपड़ा, महेंद्र यादव, हिमांशु पांडे, पवन साहू और पदमवार सहित अन्य शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

प्रदेश सह संयोजक प्रोफेसर संजीव कर्मकार ने अपने उद्बोधन में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, समाज की सहभागिता बढ़ाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों, समाज और संगठनों को मिलकर कार्य करना होगा।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में निकिता प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गायत्री परिवार जिला धमतरी द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 में भखारा ब्लाक के हाईस्कूल तर्रागोंदी की छात्रा निकिता साहू पिता गिरधर साहू ने कक्षा 10 वीं की परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर धमतरी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शाला, माता-पिता और अपने गांव को गौरवान्वित किया है।

उनकी इस उपलब्धि पर गायत्री परिवार के संतराम निषाद, हेमलाल साहू, मोहन साहू, चन्द्रसेन साहू, बिष्णु हिरवानी, टीकाराम साहू, गिरधर साहू, शाला के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ जिला समन्वयक दिलीप नाग, भास ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक प्रदीप देवांगन, सचिव एलके यादव, कोषाध्यक्ष मोहन गंजीर ने हर्ष जताया है।

## अवैध शराब बेचने पर 15 और सार्वजनिक स्थान पर पीने पर 5 हजार जुर्माना

- बलियारा के ग्रामीणों ने लिया शराबबंदी को लेकर सख्त निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम बलियारा में नशामुक्त समाज और खुशहाल परिवार की दिशा में ग्रामीणों ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। ग्राम पंचायत और ग्राम विकास समिति के निर्देश पर ग्रामीण युवा विकास समिति ने गांव में शराबबंदी को लेकर सख्त निर्णय लिया है। अब गांव में अवैध शराब बिक्री और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों के खिलाफ जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव के चौक-चौराहों, स्कूल से 100 मीटर की दूरी, शासकीय भवनों तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीते पाया जाता है तो उस पर 5 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं गांव में अवैध शराब बेचते पाए जाने पर 15 हजार रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति दोबारा इस प्रकार की गतिविधि करता है तो उस पर जुर्माने की राशि दोगुनी की जाएगी और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण युवा विकास समिति गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े कार्यों में लगातार सक्रिय है और नशामुक्त, खुशहाल समाज के निर्माण के लिए आगे भी प्रयास जारी रहेंगे। बैठक में सरपंच चुम्मन बाई कंवर, उपसरपंच देवनारायण साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पन्नालाल साहू, थानसिंह कंवर, गोविंद कंवर, भीखम साहू, अशोक मारकंडे सहित ग्रामीण युवा विकास समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश मारकंडे, उपाध्यक्ष कुलदीप साहू, सचिव गंगाधर साहू और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### खेलकूद में महिलाओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**धमतरी।** ज्ञान अमृत इंग्लिश हाईस्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रीति शांडिल्य राज्यपाल द्वारा पुरुस्कृत शिक्षिका धमतरी, विशेष अतिथि श्रीमती ज्योति लूनिया लायनेस क्लब धमतरी, श्रीमती पल्लवी बरडिया सहायक प्राध्यापक बी.सी.एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी थी। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार पाण्डेय ने की। इस अवसर पर बच्चों के माताओं के लिए विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रम एवं गेम्स हुए। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि प्रीति शांडिल्य ने कहा कि आज की महिला मां के रूप में बच्चों को शिक्षा, नैतिक मूल्य और आत्मविश्वास देती है। वह करियर और घर दोनों संभालते हुए बच्चों को आधुनिक चुनौतियों का सामना करने की तैयारी करती हैं।

## सोरम शराब भट्टी के खिलाफ तीन पंचायतों के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

- निर्जन स्थान में स्थानांतरित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम सोरम की शराब दुकान के स्थानांतरण के लिए आसपास के तीन ग्राम पंचायतों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। भटगांव सरपंच फागूराम साहू, रूद्री सरपंच लक्ष्मी बया, बेंद्रानवागांव सरपंच प्रसून शुक्ला ने अपनी- अपनी पंचायत के लेटरपेड के माध्यम से कलेक्टर को आवेदन में कहा है कि शराबभट्ठी से मात्र 200 मीटर की दूरी पर आईआईटी कॉलेज, 500 मीटर की परिधि में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला है। शराबियों की उपस्थिति और अभद्र व्यवहार से छात्र-छात्राओं के मानसिक विकास पर बुरा असर पड़ रहा है। भट्ठी के पास सड़क संकरी तथा खराब है। सड़क पर वाहन खड़ा करने और नशे में वाहन चलाने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। शराब भट्ठी के कारण गांव का शांत माहौल खराब हो चुका है। महिलाएं स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। सरपंचों ने कहा है कि नाबालिग धीरे-धीरे नशे की लत की ओर बढ़ रहे हैं जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। शराब भट्ठी के करीब मां मावली मंदिर है, जहां म हि ला एं पूजा-अर्चना के लिए जाती हैं। जिनके साथ अभद्र व्यवहार करने की शिकायत अक्सर पंचायत में की जाती है। सरपंचों ने जनहित, बच्चों के भविष्य और ग्राम सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शराबभट्ठी को तत्काल प्रभाव से हटाकर किसी निर्जन स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।







### तरबूज-खरबूज, अमरूद-चीकू की बढ़ी डिमांड

# गर्मी में 'फ्रूट बाजार' हुआ गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गर्मी की शुरुआत के साथ ही शहर में रसीले फलों की बहार आ गई है। बाजारों और चौक-चौराहों पर तरबूज, खरबूज, आम, चीकू, अमरूद और अनानास जैसे मौसमी फलों की भरमार नजर आ रही है। सस्ते दाम और ताजगी के कारण लोग इन फलों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। शहर के अलग-अलग हिस्सों में फल दुकानों और ठेलों पर सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ दिखाई दे रही है।

फल विक्रेता सुभद्राबाई ढीमर और आसबाई सोनकर ने बताया कि इस समय तरबूज लगभग 20 रुपये प्रति किलो, खरबूज 30 रुपये प्रति किलो, चीकू 70 से 80 रुपये प्रति किलो, अमरूद 50 रुपये प्रति किलो और अनानास 30 से 40 रुपये प्रति नग बिक रहा है। वहीं आम की कीमत 100 से 200 रुपये प्रतिकिलो है। संतरा और मौसंबी भी 40 से 50 रुपये प्रति किलो में मिल रहे हैं।

थोक फल विक्रेता गजेंद्र साहूकार ने बताया कि ज्यादातर फल रायपुर डिपो से मंगाए जाते हैं। वहां आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश और बिहार से बड़ी मात्रा में फल पहुंचते हैं। रायपुर से थोक में खरीदकर इन्हें धमतरी लाया जाता है और फिर स्थानीय व्यापारियों को दिया जाता है। थोक और चिल्हर कीमत में ज्यादा अंतर नहीं होने से ग्राहकों को भी राहत मिल रही है।

### गन्ना रस की दुकानें सजी

गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर के चौक-चौराहों पर गन्ना रस की दुकानें भी सज गई हैं। ताजा गन्ना रस 10 से 20 रुपये प्रति गिलास में मिल रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार गन्ने का रस शरीर को ऊर्जा देने के साथ ही हीमोग्लोबिन बढ़ाने में भी सहायक होता है। हालांकि इसे साफ-सुथरे तरीके से तैयार कर बगैर बर्फ के पीना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है।

